मछली पकड़ने गये तीन युवको की मौत

मृतकों के परिवार में टूटा दुख का पहाड़, गांव में पसरा मातम

चित्रकूट। मानिकपुर थाना क्षेत्र के बगदरी गांव के मजरा हेला में शनिवार सुबह मछली पकड़ने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। बंधा तालाब के जडेरा में मछली पकड़ने गये तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर चीखपुकार मच गयी। घटना की खबर मिलते ही तीनों परिवारों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हेला गांव निवासी राजपाल (१७) पुत्र स्व लवकुश, महेंद्र (३०) पुत्र जोधी और चुरेहकेसरुवा निवासी रामकेश (३२) पुत्र तीरथ शनिवार सुबह करीब छह बजे मछली पकड़ने के लिए बंधा तालाब के जडेरा पहुंचे थे। इसी दौरान मछली पकड़ते समय हादसा हो गया और तीनों की जान चली गयी। मौके पर मौजूद महेंद्र के भाई सुरविजय ने घटना देखकर शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर लोगों को हादसे की जानकारी हुई और परिजनों तक सूचना पहुंची।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार दयाशंकर वर्मा और थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में तीनों शवों को बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक लवकुश कोल के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। घर मे दुख का पहाड टूट गया।

पत्नी चुन्नी देवी का रो रो कर बुरा हाल है। चुन्नी दहाड मार कर कहां कि पहले पति की मौत सात वर्ष पूर्व हो गयी। अब मेरे छोटे पुत्र १७ वर्षीय राजपाल की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

वहीं महेंद्र कुमार के दो पुत्र एवं दो पुत्री है। पत्नी नीलू का रो-रो कर बुरा हाल है और रामकेश की असमय मौत से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे।



घटना स्थल का जायजा लेते डीआईजी, एसपी।

रोटावेटर की चपेट में आने से मासूम की दर्दनाक मौत

बकरियां चराने गया था छात्र, परिजनों में कोहराम

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मधुपुर गांव में शनिवार सुबह खेत की जोतायी के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की जद में आने से एक सात वर्षीय मासूम बच्चे की कटकर दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा इतना वीभत्स था कि बच्चे का शरीर कई टुकड़ों में बंट गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी विनोद सरोज का पुत्र नितेश सरोज (७) शनिवार सुबह गांव के सीवान में बकरियां चराने गया था। उसी दौरान ट्रैक्टर चालक संतलाल यादव गांव के ही राधेश्याम उमरवैश्य के खेत में रोटावेटर से जोतायी कर रहा था। बकरियां चराते-चराते नितेश खेत में पहुंच गया और अचानक रोटावेटर पर चढ़ने का प्रयास करने लगा। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से वह सीधे रोटावेटर के ब्लेडों के बीच आ गिरा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी और देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। गुस्साए परिजनों ने घटनास्थल पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नितेश गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था।

सादगी के साथ मनायी गयी 'धरतीपुत्र' मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री 'नेताजी' मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि शनिवार को सपा जिला कार्यालय (सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज) में सादगीपूर्ण ढंग से मनाई गयी।

सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने आजीवन किसानों, जवानों, पिछड़ों, दलितों और वंचितों के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। वे सामाजिक न्याय के सच्चे पुरोधा थे। नेताओं ने उनके विचारों और समाजवादी सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

बदमाशों ने पिता-पुत्री को पीटा लूटे छः हजार नगदी एवं जेवर

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के लोहदा गांव में शुक्रवार की देर रात को छह से अधिक असलहाधारी बदमाशों ने जगनन्नाथ निषाद के घर पर धावा बोल दिया।

घर के बरामदे में सो रहे जगन्नाथ ने बताया कि देर रात को अज्ञात बदमाश आए और सभी उसे पकड़कर पीटने लगे। दो बदमाश घर के अंदर घुस गये और कमरे में रखे जेवर एवं नकदी लूटने लगे। उसकी पुत्री ने विरोध किया तो उसे भी पीटकर बदमाश भाग निकले। डीआईजी राजेश एस. एवं एसपी अरुण कुमार सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया। बदमाशों के खिलाफ डकैती की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

गोवंश लदी बोलेरो के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, दो गाय बरामद

जौनपुर। खुटहन थाना पुलिस ने शनिवार को शेरपुर पथरा ईंट-भट्ठा मोड़ के पास से बोलेरो वाहन में क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाई जा रही दो गायों को बरामद कर तीन अंतरजनपदीय पशु तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक बोलेरो को रोका गया, जिसमें गोवंश को क्रूरता से बांधकर वध के लिए ले जाया जा रहा था। पकड़े गये अभियुक्तों की पहचान मैदासपट्टी निवासी सोहनलाल यादव, साहबलाल यादव और आजमगढ़ जनपद निवासी शुभम यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से बोलेरो, तीन मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि सोहनलाल और साहबलाल शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनके खिलाफ पूर्व से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपितों के पास से नगदी एवं मोबाइल जब्त

तीनों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण आधिनियम के तहत विधिक कारररवाई कर चालान भेजा गया।

बुखार से नवजात एवं वृद्ध की मौत

चित्रकूट। दिन में गर्मी और रात में सर्दी के इस मौसम में शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में ९१८ मरीज पहुंचे। इनमें ३४१ बुखार और उल्टी-दस्त से पीड़ित थे। बुखार और पेटदर्द की शिकायत पर मऊ बरिया निवासी फूला देवी (५०), एलैहा मानिकपुर निवासी होरीलाल (१८), भुजौली निवासी धीरज कुमार और चुनहापुरवा निवासी राकेश कुमार को भर्ती किया गया। रैपुरा के कौबरा निवासी रामकल्याण ने बताया कि पत्नी ज्ञानमती ने तीन दिन पहले मऊरानीपुर अस्पताल में बालक को जन्म दिया था। लौटने पर बच्चे की तबीयत बिगड़ गयी। तेज बुखार पर शनिवार सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। राजापुर के अमवा गांव निवासी ओमनारायण अपने पिता जगतनारायण चतुर्वेदी (७२) को बुखार और सांस की बीमारी के चलते शनिवार को अस्पताल लाए थे। इलाज शुरू होने से पहले ही उनकी मौत हो गयी।

बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता में चार टीमें विजेता

चित्रकूट। जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सामान्य सब जूनियर बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता में मंडल की १४ टीमो ने प्रतिभाग किया। तीसरे दिन का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश मिश्रा ने किया। क्रीडा अधिकारी अरविन्द कुमार सोनकर ने बैज अलंकरण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में पहला मैच वराणसी ने गोडा को हराया। दूसरे मैच में आजमगढ़ ने मेरठ को पराजित किया। तीसरे मैच में अयोध्या ने बस्ती को हराया। चौथा मैच प्रयागराज एवं झांसी के बीच हुआ। जिसमें झांसी विजेता बनी। निर्णायक की भूमिका में प्रेम प्रकाश सिंह, मो सिराज, नवजीत सिंह, रणविजय त्रिपाठी, विजय सिंह, उज्जवल सोनकर, बीरबल, आकाश गुप्ता, शिवानी शर्मा, मीरा यादव, स्तुति सक्सेना, अतुल सिंह रहे।

'ग्रामोदय, स्वावलंबन और सामाजिक समरसता के प्रणेता थे नानाजी देशमुख'

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नानाजी देशमुख के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर हुई संगोष्ठी

चित्रकूट। भारतरत्न नानाजी देशमुख का जीवन सेवा, समर्पण, स्वावलंबन और ग्राम स्वराज के आदर्शों को समर्पित रहा। उन्होंने ग्राम विकास को राष्ट्र विकास का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता और ग्रामीण आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये। उनके विचार आज भी समग्र ग्रामीण विकास की दिशा में समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

यह विचार महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शनिवार को शिक्षा विभाग, कला संकाय और नाना जी देशमुख प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर द्वारा आयोजित भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख का ग्रामोदय' विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रो. आईपी त्रिपाठी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. कपिल देव मिश्रा ने विषय स्थापना करते हुए नानाजी देशमुख के व्यक्तित्व, कृतित्व और ग्राम विकास की अवधारणा पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नानाजी ने ग्रामीण समाज की समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, स्वावलंबन और जनभागीदारी को एकीकृत दृष्टिकोण से अपनाया। चित्रकूट में उनके द्वारा प्रारंभ किये गये ग्राम विकास के प्रयास इस बात के उदाहरण हैं कि स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहभागिता के आधार पर गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। संगोष्ठी में पूर्व कुलगुरुओं, वर्तमान एवं पूर्व संकायाध्यक्षों तथा शिक्षकों ने नानाजी के जीवन और उनके सामाजिक योगदान के विभिन्न पक्षों पर विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. डीपी राय, प्रो. एचएस कुशवाहा, प्रो. नंदलाल मिश्रा, प्रो. रविकांत श्रीवास्तव एवं प्रो. ललित कुमार सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। विद्यार्थी विशाल दांगी ने भी नानाजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार प्रस्तुत किये।

पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

जौनपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए शनिवार को मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पाल एन. की उपस्थिति में आयोजित प्रशिक्षण में पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, मतपत्र लेखा तैयार करने और आयोग के दिशा-निर्देशों की तकनीकी जानकारी दी गयी। डीएम ने कार्मिकों को नियमों का गहन अध्ययन करने और निष्पक्षता से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम (वि./रा.) परमानंद झा, सीडीओ नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी के.के. पांडेय और डीडीओ मीनाक्षी देवी उपस्थित रहीं।

अन्नदान से बड़ा कोई दान नहीं-एडीएम अजय अंबष्ट

कायस्थ महापरिषद ने पितरों की स्मृति में बांटे सैकड़ों भोजन पैकेट

जौनपुर। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद द्वारा पितृ विसर्जन के पावन अवसर पर पितरों की स्मृति में सामूहिक भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (भू/अ) अजय अंबष्ट ने कहा कि भूखे को अन्न और प्यासे को जल उपलब्ध कराना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है, जिससे समाज में समरसता का भाव सुदृढ़ होता है। चित्रगुप्त पूजन महासमिति के संयोजक सरस चंद श्रीवास्तव ने आगामी ११ नवंबर को निकलने वाली भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा में सहभागिता की अपील की। ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस के जिलाध्यक्ष डा. उमाकांत श्रीवास्तव एवं महापरिषद के जिलाध्यक्ष गिरिजेश कुमार श्रीवास्तव ने संघटन के सेवा कार्यों की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन पैकेट वितरित किये गये।



सर्वपितृ अमावस्या पर गोमती नदी के हनुमान घाट पर पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करते श्रद्धालु।

गोमती तटों पर गूंजे तर्पण के मंत्र, पितृ विसर्जन पर पूर्वजों को दी भावपूर्ण विदायी

जौनपुर। आश्विन मास के पितृ पक्ष के अंतिम दिन शनिवार को सर्वपितृ अमावस्या (पितृ विसर्जन) पर श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक विदायी दी। भोर से ही नगर के प्रसिद्ध हनुमान घाट सहित गोमती नदी के विभिन्न तटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जो दोपहर तक निरंतर चलता रहा। तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूर्वजों के निमित्त तिलांजलि, तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म संपन्न कराया। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराकर वस्त्र, अन्न और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। कई स्थानों पर गो-सेवा और जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गयी।

एमएलसी चुनाव में ६७,१७२ मतदाता डालेंगे वोट

२३ को मतदान, २७ को वाराणसी में होगी मतगणना

जौनपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी द्विवार्षिक निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पाल एन. ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया ३१ अक्तूबर तक पूर्ण करायी जायेगी।

डीएम ने बताया कि जनपद में दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल ६७,१७२ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें स्नातक क्षेत्र में ६०,३९६ तथा शिक्षक क्षेत्र में ६,७७६ मतदाता शामिल हैं। चुनाव के लिए २२ मतदान केंद्रों पर कुल ९० मतदेय स्थल (स्नातक के ६८ एवं शिक्षक के २२) बनाये गये हैं। मतदान २३ अक्तूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक संपन्न होगा, जबकि मतगणना २७ अक्तूबर को पहड़िया मंडी (वाराणसी) में होगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत स्नातक के ६ तथा शिक्षक के ३१ मतदेय स्थलों को क्रिटिकल एवं ११ को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। निर्वाचन ड्यूटी के लिए ९० पीठासीन एवं २७० मतदान अधिकारियों की तैनाती के साथ रिजर्व कार्मिक, २२ माइक्रो आब्जर्वर, २२ सेक्टर मजिस्ट्रेट, ६ जोनल मजिस्ट्रेट और ३६० पुलिस बल तैनात किये गये हैं। कार्मिकों का प्रशिक्षण १०, १६ और २२ अक्तूबर को निर्धारित है। डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में छूट गया है, तो वे प्रारूप-६ भरकर आयोग के पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए आनलाइन आवेदन अवश्य करें।

प्रयागराज खेल

शहर पश्चिमीने जीता उद्घाटन मैच, फूलपुरने गतवर्ष विजेता शहर उत्तरीको हराया

सागरका नाबाद अर्धशतक विशालने झटके चार विकेट

नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण का शनिवार को केपी कालेज मैदान पर आगाज हुआ। उद्घाटन मुकाबले में शहर पश्चिमी ने सोरांव विधानसभा को चार विकेट से हराया, जबकि दूसरे मैच में फूलपुर विधानसभा ने गत वर्ष विजेता शहर उत्तरी को सात विकेट से शिकस्त दी। शहर पश्चिमी की जीत में सागर शर्मा ने नाबाद अर्धशतक जमाने के साथ दो विकेट लिए, वहीं फूलपुर की जीत के नायक विशाल यादव ने चार विकेट चटकाए। उद्घाटन मुकाबले में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोरांव विधानसभा की टीम १९.३ ओवर में ९५ रन पर सिमट गई। हर्षित नारायण तिवारी ने २४, अनिकेत सिंह ने १६ और विकास कुमार ने १२ रन बनाए। शहर पश्चिमी की ओर से आतिफ साजिद और मो. तैमूर ने तीन-तीन, जबकि सागर शर्मा ने दो विकेट लिए। जवाब में शहर पश्चिमी ने १५.५ ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सागर शर्मा ने ४४ गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद ५० रन बनाए। आतिफ साजिद ने २६ रन का योगदान दिया। सागर को मैन आफ द मैच चुना गया। उन्हें साक्षी करवरिया ने पुरस्कृत किया। दूसरे मुकाबले में शहर उत्तरी की टीम फूलपुर के गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आई। पहले बल्लेबाजी करते हुए शहर उत्तरी की पूरी टीम १६.२ ओवर में ५३ रन पर ढेर हो गई। रोहित राज पाल ने १७ और अंशुमान पांडेय ने १६ रन बनाए। फूलपुर के विशाल यादव ने ३.२ ओवर में ११ रन देकर चार विकेट झटके, जबकि जीतेन्द्र यादव ने तीन विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फूलपुर ने ९.२ ओवर में तीन विकेट पर ५४ रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मयंक दुबे १३ रन बनाकर नाबाद रहे और अथर्व प्रजापति ने १० रन बनाए। विशाल यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। उन्हें केबी काला ने पुरस्कार दिया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उदय भान करवरिया और विशिष्ट अतिथि देवेश मिश्र एवं केबी काला ने दीप प्रज्ज्वलित तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने अतिथियों का स्वागत किया।

प्रियांशुकी गेंदबाजीसे चंद्रकला यूनिवर्सलको मिली जीत

केएस स्पोर्ट्स ३० पूस कलर ड्रेस टी-२० क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में चंद्रकला यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड ने थंडर स्ट्राइकर्स को छह विकेट से पराजित किया। इसमें प्रियांशु यादव की गेंदबाजी (४-१-०६-५) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भानु प्रताप सिंह क्रिकेट मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में थंडर स्ट्राइकर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए १८.४ ओवर में ९१ रन पर सिमट गई। अलोक झा ने ३६, अमर गुप्ता ने नाबाद १७ और कप्तान आयुष तिवारी ने १४ रन का योगदान दिया। चंद्रकला यूनिवर्सल के गेंदबाज प्रियांशु यादव ने छह रन देकर पांच, अजय यादव ने दो विकेट लिए, गौरव पाठक, साहेब लाल मैकलियोड्स और ऐमन सिद्दीकी को एक-एक विकेट मिला। जवाब में चंद्रकला यूनिवर्सल ने १२ ओवर में चार विकेट पर ९५ रन बनाकर जीत हासिल कर ली। शाहबाज ने नाबाद २८, गौरव पाठक ने २७, रिषद खान ने नाबाद और मोहम्मद खालिद ने १२-१२ रन का योगदान दिया। थंडर स्ट्राइकर्स की ओर से मयंक श्रीवास्तव ने तीन विकेट लिए, जबकि मुन्ना कुमार को एक सफलता मिली। प्रियांशु को कलीम खान ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया।



एमवी ताइक्वाण्डो ने हासिल किया प्रथम स्थान

कौशाम्बी ताइक्वाण्डो एशोसिएशन की ओर से शनिवार को एक विद्यालय में दो दिवसीय ८वीं जनपदीय एवं तीन इण्टर स्कूल ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रयागराज मण्डल क्रीड़ा सचिव राजकुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शारदा मिश्रा, एमपी कान्वेन्ट इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल त्रिवेदी, मन्जीत कुमार (उप प्रधानाचार्य मधु वाचस्पति इण्टर कालेज) श्रीमती रंजना अग्रवाल (उप प्रधानाचार्या एमवी कान्वेन्ट) आदि ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर की। प्रतियोगिता में मधु वाचस्पति इण्टर कालेज एवं एमवी कान्वेन्ट इण्टर कालेज के साथ ही एयर फोर्स ताइक्वाण्डो टीम, मंजू सेल्फ डिफेन्स ऐकेडमी, एमपी कान्वेंट स्कूल एण्ड कालेज गौहनिया, द ताइक्वाण्डो किड्स, उत्सव ताइक्वाण्डो क्लब, आरएस ग्लोबल स्कूल, रायल ताइक्वाण्डो ऐकेडमी, पतंजलि ऋषिकुल विद्या मन्दिर, लिटिल फ्लावर ऐकेडमी, एसएमसी एवं ताइक्वाण्डो मन्दिर ऐकेडमी आदि ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिवस पर फ्रेशर्स प्रतियोगियों की प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें बालिका वर्ग में संस्कृति केसरवानी, अनुष्का, गायत्री शुक्ला, वृपिका पटेल, निकिता यादव, आयुशी, आयुशी यादव, नव्या राव, चांदनी, स्मृति, अनाबिया फातिमा, प्राची सागर, अक्षिता सिंह, शाल्वी राज एवं रितिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये। वहीं बालक वर्ग से शिवांस, विराज, कार्तिकेय, काव्यांश, रायाश, शिव यादव, वेदान्त सिंह, रेयान्स, श्रेयस, आदि वर्मा, सिद्धार्थ, अंश, सुधांशु, भगवत, अयान, ओम, हर्षित, रेवाश, पार्थ, शिवास, अनमोल, रिषभ, धवन, रूद्र, इहान, अभिषेक, अयांश, विमिद, शिवांस, प्रधुमन, रूद्र, नैतिक, सूर्य नन्दन, अंश, गणेश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमवी इण्टर कालेज, द्वितीय एसएमसी एवं तृतीय स्थान एयर फोर्स ताइक्वाण्डो टीम ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरुस्कार आरएस ग्लोबल को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता को सफल आयोजन कराने के लिए कौशाम्बी ताइक्वाण्डो के अध्यक्ष डा. वाचस्पति (बारा विधायक) ने सचिव गोपेश सेन, संयुक्त सचिव मंजू आर्या, आदि को शुभकामनाएं दीं।



फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब एवं रेंडम फ्लिक्स फाइनलमें पहुंचा

डिस्ट्रिक्ट फुटबाल एसोसिएशन इलाहाबाद के सचिव मकबूल अहमदके अनुसार इविंग क्रिश्चियन कालेज मैदान पर खेले गए जूनियर डिवीजन जिला फुटबाल लीग में शनिवार को पहले सेमीफाइनल मैच में फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब सीनियर ने ने रियल एफसी दारागंज को ट्राईब्रेकर में ४-३ गोल से हराया और फाइनल में जगह बनाई। खेल का पहला एवं दूसरा हाफ गोल रहित समाप्त हुआ। फ्रेंड्स यूनाइटेड के लिए वैभव, देवांश, आदित्य एवं आभास ने गोल मारा जबकि रियल एफसी दारागंज के लिए कर्तिक, स्पर्श एवं आशू सिंह ने गोल मारे। रेफरी योगेश चन्द्र, शकील अहमद एवं विवेक सिंह रहे।

दूसरे सेमीफाइनल में रेंडम फ्लिक्स फुटबाल क्लब ने शान्तिपुरम फुटबाल कूब को २-१ गोल से हराया। खेल के पहले हाफ में रेंडम फ्लिक्स के आरिज ने गोल मारकर अपनी टीम को १-० गोल से बढ़त दिलाई।

खेल के दूसरे हाफ में शान्तिपुरम फुटबाल क्लब के सौरभ पाण्डेय ने एकल प्रयास से गोल मारकर अपनी टीम को १-१ गोल की बराबरी पर ला दिया। खेल समाप्ति के पहले रेंडम फ्लिक्स के यश ने शानदार गोल मारकर अपनी टीम को २-१ गोल से जीत दिलाई और फाइनल में जगह बनाई।

रेफरी संजीव सिंह, शकील अहमद एवं कबीर खान रहे। मैच में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल दास मौजूद रहे। ११ अक्तूबर को जूनियर डिवीजन जिला फुटबाल लीग का फाइनल मैच

पेट्रोल पंप के खाते से ७५ लाख की साइबर ठगी, केस दर्ज

मालिक बनकर अकाउंटेंट को किया फोन, दो बैंक खातों में ट्रांसफर करायी रकम

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र स्थित रत्नेश्वर महादेव फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंप) के बैंक खाते में सेंध लगाकर शातिर साइबर ठगों ने ७५ लाख रुपये की भारी रकम पार कर दी। ठगों ने खुद को पेट्रोल पंप का मालिक बताकर अकाउंटेंट को झांसे में लिया और रकम ट्रांसफर करवा ली।

पेट्रोल पंप संचालिका स्नेहलता द्वारा साइबर थाने में दी गयी तहरीर के अनुसार, ७ अक्तूबर को अकाउंटेंट सचिन मिश्र के मोबाइल पर एक काल आई। ट्रू-कालर पर मालिक का नाम प्रदर्शित होने के कारण अकाउंटेंट को विश्वास हो गया कि काल संचालिका के पति आलोक कुमार की है। बातचीत के दौरान अकाउंटेंट ने खाते में उपलब्ध धनराशि की जानकारी दी।

इसके बाद फोन करने वाले ने दो अलग-अलग खातों में तत्काल ७५ लाख रुपये भेजने को कहा। झांसे में आकर अकाउंटेंट ने इंडसइंड बैंक के 'लखदातार एंटरप्राइजेज' के खाते में ३० लाख रुपये और आईडीएफसी बैंक के दूसरे खाते में ४५ लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये। बाद में जब वास्तविक स्थिति स्पष्ट हुई, तो धोखाधड़ी का भंडाफोड़ हुआ। साइबर क्राइम थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि संचालिका की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। अकाउंटेंट से पूछताछ कर लेन-देन के तकनीकी पहलुओं और संबंधित खातों की जांच की जा रही है।

छात्रावासों में छात्राओं को सिखाये गये तनाव प्रबंधन के गुर

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में छात्राओं के लिए तनाव प्रबंधन और मानसिक संतुलन पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा. विनोद कुमार वर्मा ने छात्राओं को दैनिक जीवन की शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही तनाव मुक्त रहा जा सकता है। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में समन्वय आवश्यक है।



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वाजिदपुर तिराहा स्थित क्लीनिक में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते डा. उत्तम कुमार गुप्ता।

मानसिक रोग कोई कमजोरी नहीं, समय पर पहचान और संवेदनशीलता जरूरी-डा. उत्तम गुप्ता

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मंगल क्लीनिक में संगोष्ठी का आयोजन

जौनपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वाजिदपुर तिराहा स्थित मंगल क्लीनिक (न्यूरो-साइकियाट्रिक सेंटर) में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गयी। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा. उत्तम कुमार गुप्ता ने कहा कि तनाव, अनिद्रा, चिंता और अवसाद जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसिक बीमारी कोई कमजोरी या पागलपन नहीं है, बल्कि एक चिकित्सीय स्थिति है जिसका समय पर इलाज संभव है।

समाज को मानसिक रोगियों के साथ भेदभाव करने के बजाय संवेदनशीलता और भावनात्मक सहयोग देना चाहिए। मनोवैज्ञानिक डा. साधना मौर्य ने भी विचार साझा किये।

समाधान दिवस में मंडलायुक्त ने सुनीं १३ शिकायतें, निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश

चित्रकूट में अमावस्या मेला, नवरात्र और दुर्गा पूजा की तैयारियों का भी लिया जायजा

चित्रकूट। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. के साथ शनिवार को कोतवाली कर्वी में आयोजित समाधान दिवस में भाग लिया। इस दौरान भूमि विवाद, पैमाइश, बंटवारा, फर्जी बैनामा समेत राजस्व एवं पुलिस से संबंधित कुल १३ शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शिकायतकर्ताओं को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। भूमि विवाद के मामलों में आवश्यकतानुसार राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच करायी जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को की गयी कारर्वाई की अनुपालन आख्या मंडलायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। इसके बाद मंडलायुक्त ने आगामी अमावस्या मेला, शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के मद्देनजर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अमावस्या मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने रामघाट और आसपास के मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, घाटों की सुरक्षा, आवागमन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। घाटों और सीढ़ियों पर फिसलन रोकने, खतरनाक स्थानों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक लगाने तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पर विशेष जोर दिया। नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जल पुलिस, गोताखोरों और आवश्यक बचाव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिये। दुर्गा पूजा पंडालों के संबंध में मंडलायुक्त ने सुरक्षा मानकों का पालन कराने, प्रवेश और निकास के पर्याप्त रास्ते रखने, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा दमकल वाहनों की पहुंच सुनिश्चित करने को कहा।